मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के नवाचार एवं उद्यमिता केंद्र ने "विकसित भारत @2047" विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया

नई दिल्ली, 21 अप्रैल, 2025

जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के नवाचार एवं उद्यमिता केंद्र (सीआईई) ने दिनांक 16 और 17 अप्रैल, 2025 को "विकसित भारत @2047: चार्टिंग अ पाथ थ्रू एंटर्प्रिन्यरशिप इनोवेशन, एंड ग्लोबल कैरियर्स " पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। सम्मेलन का उद्देश्य नवोन्मेषकों, स्टार्ट-अप, शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं को एक साथ लाकर 2047 के लिए भारत के उद्यमशीलता रोडमैप के बारे में संवाद को बढ़ावा देना था।

सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि और सम्मेलन के मुख्य संरक्षक, जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति प्रो. मजहर आसिफ ने किया। श्री संजीव, संयुक्त सचिव, डीपीआईआईटी, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और श्री ताब सिद्दीकी, संस्थापक हार्वेस्ट गोल्ड ने विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मेलन में भाग लिया । बीज वक्तव्य श्री कोरी ग्लिकमैन, संस्थापक, ग्रीनमैन ब्लैक, यूएसए द्वारा दिया गया, जिन्होंने वैश्विक नवाचार पारिस्थितिकी प्रणालियों के बारे में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की।

सम्मेलन में इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के डीन प्रो. मिनी एस. थॉमस और सीआईई के प्रभारी प्रोफेसर सिमी मल्होत्रा ने राष्ट्र निर्माण में नवाचार और उद्यमिता की भूमिका पर बल दिया। सम्मेलन सहित एक स्टार्ट-अप एक्सपो का आयोजन किया गया, जिसमें 30 से अधिक स्टार्ट-अप ने अपने अभिनव उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में एनोर्ड , कृषि ग्रो और बैक 2बेसिक्स जैसे प्रमुख स्टार्ट-अप शामिल थे, जिन्होंने उपस्थित लोगों को भारत के संपन्न उद्यमशीलता परिदृश्य की झलक दिखाई।

सम्मेलन में कई ट्रैक और सत्र आयोजित किए गए जिसमें विद्वानों और पेशेवरों द्वारा 80 से ज्यादा शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। मुख्य आकर्षणों में पिचिंग सत्र, बिजनेस मॉडल कैनवस कार्यशालाएं, निवेशक बैठकें और उद्यमियों के सम्मेलन शामिल थे। इन सत्रों में भाग लेने वाले प्रसिद्ध उद्यमियों में निम्न लोग शामिल थे: श्री सुनील चोपड़ा, योरविन कोच और सीरियल उद्यमी; डॉ. नगमा अब्बासी, संस्थापक और सीईओ, नेक्स्टजेन लाइफ साइंसेज; सुश्री मेघना मजीठिया, संस्थापक, एपेक्सलिंक्स; डॉ. शिखा शर्मा, संस्थापक, वनहेल्थ और श्री सतीश कुमार जे, सीईओ, क्रॉस बॉर्डर पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड।

दिनांक 17 अप्रैल, 2025 को समापन सत्र अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी संकाय के सभागार में आयोजित किया गया । जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलसचिव और सम्मेलन के संरक्षक प्रोफेसर मोहम्मद महताब आलम रिजवी ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई, जबकि श्री सतीश कुमार जे विशिष्ट अतिथि थे। प्रो. रिज़वी ने अपने संबोधन में भारत सरकार की 'विकसित भारत' 2047 पहल के मुख्य उद्देश्यों और दृष्टिकोण के बारे में चर्चा की, जिसमें 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था प्राप्त करने से लेकर शिक्षा सुधार और स्वास्थ्य जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर बल दिया गया, जो देश के भविष्य को बदलने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

सर्वश्रेष्ठ पत्र प्रस्तुतकर्ताओं, सलाहकारों, संयोजकों और सम्मेलन समन्वयक को पुरस्कार वितरित किए गए। सीआईई के निदेशक प्रो. रिहान खान सूरी ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया और इस बात

पर बल दिया कि यह सम्मेलन केंद्र के लिए एक नई शुरुआत है। उन्होंने इस बात को दोहराया कि जामिया मिल्लिया इस्लामिया 2047 तक प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के सपने को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

प्रो. साइमा सईद
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
जामिया मिल्लिया इस्लामिया